अमर उजाला 17/03/2024

राज्य स्तरीय काव्य पाठ में छाए विद्यार्थी

काव्य पाठ एवं करौके प्रतियोगिता में छाए जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। मारकंडेश्वर नेशनल कॉलेज शाहाबाद में प्रोफेसर राजेश्वर प्रसाद शोख की याद में राज्य स्तरीय काव्य पाठ और करौके प्रतियोगिता कराई।

इसमें छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए ओवरऑल ट्राफी हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया। साथ ही उन्होंने संगीत विभाग की डॉ.मनजीत कौर और डॉ. चंद्रपाल पूनिया को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

डॉ. मनजीत कौर ने बताया कि प्रतियोगिता में रबनूर ने उर्दू नजम एवं करौके में प्रथम पुरस्कार, पंजाबी कविता पाठ में गुरजोत ने प्रथम पुरस्कार एवं करौके में द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय तीनों स्थान हासिल कर महाविद्यालय ने ओवर ऑल ट्राफी जीती।